**Need to give approval to sixth phase scheme and to give houses on lease to employees in Bhilai Steel Plant**

**डा. भूषण लाल जांगडे** (छत्तीसगढ़) : महोदय, यूनियन के कतिपय नेताओं द्वारा सैकड़ो भिलाई स्टील प्लांट आवासों पर कब्जा करके, किराये पर चलाए जा रह हैं । वर्तमान में रिक्त पड़े आवास असमाजिक तत्वों और नक्सलियों के अड्डों का केंद्र बनते जा रहे हैं । आवासों का जीर्ण-शीर्ण हो रहा है । बहुत पुराने होने की वजह से कई आवासों को डिस्मेंटल करना पड़ रहा है। यदि इन आवासों को कर्मियों को लीज़ पर दे दिया जाए तो आवासों की मरम्मत एवं पुनः निर्माण व्यय से बचा जा सकता है । भिलाई नगर के सेक्टर 6 का आवास एकदम जर्जर है । उसी आवास को जे.पी. सीमेंट फैक्ट्री को एलॉट कर दिया गया है और इसका पुनः निर्माण कर के एक शानदार आवास बना दिया गया है । इसी तरह से इन आवासों को कम खर्च करके और मरम्मत करके कर्मियों से पैसे लेकर लीज में दे सकते हैं, जिससे बी.एस.पी. को लाभ मिल सकता है।

अतः मेरी मांग है कि उपरोक्त आधार पर भिलाई स्टील प्लांट के आवासों को लीज पर देकर छठे फेज की मंजूरी दी जाए, ताकि उन्हें असामायिक तत्वों और नक्सलियों के चगुंल से बचाया जा सके।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Kiranmay Nanda, not here.

**Demand for inquiry into sabotage of camps of pilgrims during Amarnath Yatra and to provide them ample facilities**

**श्री अविनाश राय खन्ना** (पंजाब): बालटाल जम्मू-कश्मीर में, जहां पर श्री अमरनाथ यात्रा पर जा रहे यात्रियों के लिए अलग-अलग संस्थाएं लंगर लगाकर यात्रियों की फ्री सेवा करती हैं, यह क्रम पिछले काफी वर्षो से चला आ रहा है । पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर सरकार को इस यात्रा के लिए जितना सहयोग करना चाहिए था, वह नहीं कर सकी है । इसके लिए देश भर में कई बार आंदोलन भी हुए और प्रदेश सरकार पर दबाव डालने की कोशिश भी की गई, परंतु जो सुविधा यात्रियों को मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिली । गत् दिनों बालटाल में उपद्रवियों ने लंगरों को लूटा, जलाया, गैस सिलेंडर्स और लंगरों में पड़ा हुआ सामान भी उठा ले गए तथा कई लंगरों में आग लगा दी । कई गैस सिलेंडर्स फट गए । लंगर लगाने वालों को मारा-पीटा गया, परंतु जम्मू-कश्मीर प्रशासन मूक बना रहा । मेरा सरकार से निवेदन है कि इस सारे घटनाक्रम की जांच सीबीआई से कराई जाए और दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए, लंगर लगाने वालों के नुकसान की भरपाई की जाए तथा आगे से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पक्का प्रबंध किया जाए ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri A.U. Singh Deo, not here. Prof. Saif-ud-Din Soz, not here.

**Need for early passage of Women Reservation Bill**

SHRIMATI SASIKALA PUSHPA (Tamil Nadu): Sir, the Constitution (108th Amendment) Bill, giving one-third reservation of the total seats in the Lower House of Parliament and the State Legislatures to women, is yet to be passed by the Parliament. Though This House had passed this Bill on 9th March, 2010, in the last more than